# TOBACCO FREE INDIA CAMPAIGN




JUNIOR DOCTORS' ASSOCIATION
PT. J.N.M. MEDICAL COLLEGE, RAIPUR
"TOBACCO FREE INDIA"
Campaign Committee





नव
छत्तीसगढ़ • ओडिशा

# तंबाकू नहीं खाने लोगों को जागरूक करेंगे जूनियर डॉक्टर

## जूडो ने लांच किया तम्बाखू फ्री इंडिया कैंपेन तंबाकू से होने वाले नुकसान की देंगे जानकारी





नवभारत रिपोर्टर । रायपुर।

लोगों को तंबाकू नहीं खाने और उसके सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक करने का बीड़ा जूनियर डॉक्टरों ने उठाया है। जूनियर डॉक्टरों ने अम्बेडकर अस्पताल में पोस्टर भी चिपकाए हैं।

जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ (जुडो) द्वारा तम्बाखू फ्री इंडिया कैंपेन पं. जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. तृप्ति नागरिया द्वारा लांच किया गया। इस अवसर पर कैंपेन कमेटी के चेयरमेन डॉ. प्रेम चौधरी, सचिव डॉ. अमन अग्रवाल, मुख्य सलाहकार डॉ. गौरव सिंह परिहार, डॉ. आयुष वर्मा, इंटर्न कोऑर्डिनेटर डॉ. हिमांशु सिन्हा, डॉ. आशुतोष पांडेय एवं यूजी प्रेजिडेंट डॉ. गगन छाबड़ा उपस्थित थे। डीन डॉ. नागरिया ने कहा कि डब्ल्यूएचओ के अनुसार विश्व में प्रति वर्ष करीब 80 लाख से ज्यादा लोग तंबाकू के सेवन से अपनी जान गंवा देते हैं। इसके बावजूद भी तंबाकू की खपत तेजी से बढ़ रही है। तंबाकू के सेवन से कैंसर के साथ ही हार्ट अटैक जैसी गंभीर बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में लोगों को तंबाकू से होने वाले गंभीर बीमारियों से आगाह करने और नशे के सेवन से लोगों को दूर करने के जूडो की पहल सराहनीय है।

### तंबाकू से होने वाली बीमारियों से बचाने कैंपेन

कैंपेन कमेटी के चेयरमेन डॉ. चौधरी ने बताया कि लोगों को तंबाकू से होने वाली गंभीर बीमारियों से बचने के लिए यह कैंपेन शुरू किया गया है। सचिव डॉ. अग्रवाल ने बताया कि तम्बाकू से महिलाओं के गर्भपात का खतरा बढ़ता है। इतना ही नहीं सिगरेट का धुआं शुक्राणु में डीएनए को भी प्रभावित करता है। डॉ. परिहार के अनुसार लोगों को तंबाकू से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया जाएगा। डॉ. वर्मा ने बताया कि तंबाकू का सेवन वालों में फेफड़े या मुख कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। तंबाकू के सेवन दिल कमजोर हो जाता है।

